जागरण

कुशीनगर में नकली नोट, बम और असलहों के साथ दो सपा नेताओं संग 10 गिरफ्तार; यूपी-बिहार की सीमा पर फैलाया था जाल

जागरण संवाददाता, कुशीनगर। नकली नोटों की तस्करी में लिप्त दो सपा नेताओं समेत दस तस्करों को कुशीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर किया है। पकड़े गए तस्करों के पास साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक के नकली भारतीय नोट, तीन हजार के नेपाली नोट, अवैध असलहे, कारतूस व सुतली बम बरामद हुए हैं।
तस्करों में शामिल मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू खान सपा लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव तथा नौशाद खान सपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव है। गिरफ्तार औरंगजेब भी राजनीति में सक्रिय था। सपा जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी ने बताया कि दोनों पदाधिकारियों को पुलिस द्वारा फंसाया गया है। यह पार्टी को बदनाम करने की साजिश है। उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि नकली नोटों के तस्करों की धरपकड़ के लिए सीमावर्ती थानों और साइबर सेल को लगाया गया था। शनिवार की देर रात छापेमारी कर तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के आधार पर रविवार की रात सात और तस्करों को दबोचा गया। सभी के कब्जे से दो कार, 5.62 लाख रुपये के नकली भारतीय नोट, नकली के बदले मिले 1.10 लाख रुपये के असली नोट, तीन हजार की नेपाली मुद्रा, दस तमंचे, 30 कारतूस, 12 खोखा, तीन उच्च क्षमता के सुतली बम, 13 मोबाइल फोन, 26 फर्जी सिमकार्ड, 10 फर्जी आधार कार्ड, 10 एटीएम कार्ड, आठ लैपटाप बरामद हुए।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/kushinagar-10-arrested-along-with-two-sp-leaders-with-fake-notes-bombs-and-weapons-in-kushinagar-23803002.html